टीकाकरण

किसान भाईयों को प्रायः सभी संक्रामक बीमारियों का टीका अपने पशुओं को लगवाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं कर सकते हैं तो कम से कम गला घोंटू, खुरपका–मुँहपका एवं लंगड़ी बुखार के लिये टीका अवश्य लगवायें। इन सभी बीमारियों का टीका अलग–अलग नाम से बाजार में उपलब्ध है। वैज्ञानिकों के प्रयास से आज इन तीनों बीमारियों का टीका एक ही टीके के अन्दर संयुक्त रुप से बाजार में उपलब्ध है अतः इन तीनों बीमारियों का टीका एक ही बार लगवाकर पशुपालक वर्ष भर के लिए इन बीमारियों से निजात पा सकते हैं। सभी बीमारियों का टीका बाजार में सस्ते दामों पर उपलब्ध है तथा जिले के पशु–चिकित्सालय पर भी सरकार के नियमानुसार मिलता है। पशुपालक, पशुओं को संक्रामक रोग का टीका वर्षा के पूर्व अर्थात जून तक अवश्य लगवा देना चाहिए। क्योंकि यह सभी बीमारियाँ वर्षा ऋतु में फैलती हैं। इसी तरह भेड़–बकरी पालकों को चाहिए कि वे अपने जानवरों को कम से कम इन्ट्रोटाक्सीमिया एवं प्लेग (पी.पी.आर.) का टीकाकरण अनिवार्य रुप से करें क्योंकि अगर यह बीमारी एक बार फैल गयी तो महामारी के रुप में पूरे गाँव के पशुओं की मृत्यु हो सकती है।

सावधानियाँ : सभी दुधारू पशुओं एवं बछियों (जो तीन माह से बड़ी हो) को टीका लगाया जा सकता है। अत्यधिक गर्मी के दिन में, 6 माह से अधिक गाभिन पशुओं को तथा तीन माह से कम आयु के बछियों को टीका न लगाये। संक्रमित पशुओं को टीका अलग से लगायें।

आधुनिक टीकों के नाम

- रक्षा ट्रायोवैक – 3 मि.ली. प्रति पशु (तीन बीमारीयों खुरपका–मुँहपका, गला घोंटू एवं लगड़ी के प्रति प्रतिरोधी)
- रक्षा वाइयोवैक – 3 मि.ली. प्रति पशु (खुरपका–मुँहपका एवं गला घोटू)
- रक्षा एफ.एम.डी. – 3 मि.ली. प्रति पशु (खुरपका–मुँहपका)
- रक्षा एच.एस. – 3 मि.ली. प्रति पशु (गला घोंटू)
- टीका का लागत मूल्य प्रति पशु 20/–रु0 मात्र

मवेशियों में टीकाकरण सारिणी

माह	बीमारी का नाम	टीका	प्रतिरक्षा अवधि
मई–जून	एन्थ्रैक्स (गिल्टी रोग)	स्पोर वैक्सीन	1 वर्ष
मई–जून	ब्लैक क्वार्टर (लंगड़ी)	मृत वैक्सीन	1 वर्ष
मई–जून	गला घोंटू	ऑयल एडजुवैंट वैक्सीन	1 वर्ष
6 माह के उम्र में किसी भी समय	ब्रुसेलोसिस	काटन सट्रेन–19	3–4 ब्यात तक
मई–जून दिसम्बर–जनवरी	खुरपका–मुँहपका रोग	पाली वैलेंट टिशु कल्चर वैक्सीन	6–9 माह वर्ष में दो बार

भेड़ एवं बकरियों में टीकाकरण सारिणी

माह	बीमारी के नाम	टीका	प्रतिरक्षा अवधि
जून	खुरपका–मुँहपका	एफ.एम.डी.	6 माह
जुलाई	गला घोंटू	एच.एस.	1 वर्ष
अगस्त	इन्ट्रोटाक्सीमिया	ई.टी.	1 वर्ष
दिसम्बर	इन्ट्रोटाक्सीमिया	ई.टी.	6 माह
किसी भी समय	बकरी प्लेग	पी.पी.आर.	जीवन पर्यन्त